ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-05-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-05-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-05-08	2021-05-09	2021-05-10	2021-05-11	2021-05-12
वर्षा (मिमी)	5.0	2.0	0.0	2.0	3.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	35.0	36.0	37.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	23.0	23.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	65	60	65	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	20	20	25	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	16.0	12.0	12.0	12.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	310	40	30	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	3	1	4	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (30 अप्रैल – 6 मई, 2021) में 3.4 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 34.0 से 38.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 20.4 से 23.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 51 से 73 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 14 से 42 प्रतिशत एवं हवा 4.1 से 7.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनो में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा हो सकती है। हवा के 12-16.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.0 से 37.0 व 22.0 से 24.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार, 12-18 मई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं। आज 7 मई को कही-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है तथा 7 व 8 मई को मैदानी क्षेत्रों में हवा के तेज गति से लगभग 30-40 किमी-घंटे की गति से चलने की सम्भावना है|

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में , कहीं-कही बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा हो सकती है|आज 7 मई को कही-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने व 7, 8 मई को मैदानी क्षेत्रों में हवा के तेज गति से चलने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	आगामी दिनों मे वर्षा की सम्भावना को देखते हुए, मूंग की फसल में अभी सिंचाई रोक लें।
गन्ना	नौलख व पेड़ी फसलों में आवश्यकतानुसार निराई-गुड़ाई व सिंचाई मौसम को ध्यान मे रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गुलाब	गुलाब में लीफ माइनर का प्रकोप होने पर, क्वीनालफॉस की 2 मिली या इंडोक्साकार्ब 0.5 मिली और स्टीकर 0.5 मिली का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। रसायनो का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें।
कद्दू	कद्दू वर्गीय सब्जियो मे पत्तियो मे सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	दो माह की उम्र के बछड़े/बछड़ियों को पिपराजीन नामक कृमिनाशक दवाई जरुर पिलायें।